06/5/22

कार्यालय केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय लखनऊ

नीलामी सूचना

दिनांक :05.05.2022

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, लखनऊ में पुरानी निष्प्रयोज्य फर्नीचर एवं अन्यसामग्रियों की नीलामी दिनांक 20.05.2022 को सायं 04:00 बजे माननीय उच्च न्यायालय पुराना परिसर स्थित मध्यस्थता केन्द्र में सम्पन्न होगी।

उपरोक्त पुरानी निष्प्रयोज्य फर्नीचर एवं अन्य सामग्रियों की न्यूनतम नीलामी बोली रू0 1,20,000/– एवं नीलामी बोली बोलने हेतु प्रतिभूति के रूप में रू0 12,000/– की नकद धनराशि इस न्यायालय के केन्द्रीय नजारत अनुभाग में नीलामी की नियत तिथि से पूर्व दिनांक 19.05.2022 तक प्रत्येक कार्य दिवस में अपरान्ह 12:00 से 02:00 बजे तक जमा करते हुए उससे संबन्धित प्राप्ति रसीद प्राप्त की जा सकेगी। प्रतिभूति की धनराशि न जमा करने की स्थिति में उसे नीलामी बोली बोलने का अधिकार नहीं होगा। उपरोक्त पुरानी निष्प्रयोज्य फर्नीचर एवं अन्य सामग्री दीवानी न्यायालय लखनऊ परिसर में स्थित बहुखण्डी भवन के ऑगन, पुरानी कैन्टीन में स्थित निष्प्रयोज्य रद्दी एवं अयोध्या प्रकरण भवन के बगल में रखा हुआ निष्प्रयोज्य फर्नीचर एकत्र है जिसे किसी भी कार्यदिवस में उपरान्ह 12:00 से 02:00 बजे तक देखा जा सकता है।

उपरोक्त पुरानी निष्प्रयोज्य सामग्रियों की नीलामी से संबन्धित अन्तिम बोली जिस प्रतिभागी के पक्ष में छूटेगी उस पर जी0एस0टी0 कर की धनराशि अलग से जमा करना अनिवार्य होगा तथा अन्तिम बोली की धनराशि का 50 प्रतिशत की धनराशि तुरन्त नीलामी स्थल पर जमा करना होगा तथा अन्तिम बोली अवशेष 50 प्रतिशत की धनराशि 3 दिवस के अन्दर जमा करने के पश्चात् उपरोक्त निष्प्रयोज्य सामग्रियों को स्थत से तुरन्त उठवाया जावेगा। अन्यथा प्रभार के रूप में स्वीकृत बोली का 1 प्रतिशत धनराशि का भुगतान करना अनिवार्य होगा।

उपरोक्त से संबन्धित जमा की जाने वाली धनराशि नगद जमा की जावेगी। उससे संबन्धित किसी प्रकार की चेक/ड्राफ्ट एवं बिल आदि गृहण नहीं किया जावेगा।

उपरोक्त नीलामी की तिथि में किसी प्रकार का परिवर्तन/वृद्धि किये जाने अथवा स्वीकृति/अस्वीकृति का अधिकार तथा किसी प्रकार के विवाद के लिए अंतिम निर्णय लिये जाने का अधिकार माननीय जिला जज लखनऊ के अधीन सुरक्षित होगा, जो सभी को मान्य होगा।

06/05/22

(मो0 गजाली)
सदस्य
नीलामी समिति
विशेष न्यायाधीश/ई0सी0 एक्ट
कोर्ट नं0 4, लखनऊ

प्रतिलिपि निम्नलिखित को उनके कार्यालय स्थित सूचना को दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु एवं कार्यालय के सूचना पट् सूचनार्थ चस्पा किये जाने हेतु प्रेषितः–

1– नोडल अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग –ई–कोर्ट लखनऊ एवं माननीय उच्च न्यायालय की अधिकारिक वेब साइट पर अपलोड करने हेतु।
2– अधीक्षक, बलरामपुर चिकित्सालय, लखनऊ।
3– कार्यालय मण्डालायुक्त, लखनऊ।
4– कार्यालय जिलाधिकारी, लखनऊ।
5– नाजिर, राजस्व परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
6– प्रबन्धक, उ0प्र0 राज्य सड़क निगम, कैसरबाग, लखनऊ।
7– तहसीलदार तहसील, लखनऊ।
8– नाजिर अमेरिकन लाइब्रेरी, परिवारिक न्यायालय, लखनऊ।
9– नोटिस बोर्ड, जनपद न्यायालय, लखनऊ।

06/05/22

(मो0 गजाली)
सदस्य
नीलामी समिति
विशेष न्यायाधीश/ई0सी0 एक्ट
कोर्ट नं0 4, लखनऊ